# झुंझुनू वाली को मेरी भी याद आती है | By Gopal Sharma Hare

लेता हूँ जब नाम तेरा हिचकियाँ मेरी रुक जाती हैं
आज लगा झुँझन वाली को मेरी याद भी आती है
लेता हूँ जब नाम तेरा .............

माँ का दिल बस इतना चाहे बेटा उसके पास रहे
सुख दु:ख की बतलाये माँ से प्यार की दो ही बात कहे
करके इशारा मैया मुखको अपने पास बुलाती है
आज लगा झुँझन वाली को मेरी याद भी आती है
लेता हूँ जब नाम तेरा .............

होके दूर मेरी मैया से दूर कहाँ मैं रहता हूँ
दिन हो चाहे रात सदा मैं दादी नाम ही लेता हूँ
वो मेरे सपनो में आकर सर पे हाथ फिराती हैं
आज लगा झुँझन वाली को मेरी याद भी आती है
लेता हूँ जब नाम तेरा .............

तूने पाला तूने संभाला ये जीवन अब तेरा है
बोले सचिन दादी चरणों में स्वर्ग बसा ये मेरा है
वो अपनी सेवा में मुझपे यूँ ही प्यार लुटाती है
आज लगा झुँझन वाली को मेरी याद भी आती है
लेता हूँ जब नाम तेरा .............

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9d%e0%a5%81%e0%a4%82%e0%a4%9d%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%af%e0%a4%be/